E-Mail: coeoffice@csjmu.ac.in

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय

(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)

(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

सन्दर्भ संः सी.एस.जे.एम.वि.वि./COE/1572/2026 दिनांक : 28/11/2026

कार्यालय–ज्ञाप

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के कार्यालय–ज्ञाप संख्या–सी0एस0जे0एम0वि0वि0/COE/1549/2026, दिनांक 25/11/2026 के माध्यम से दिनांक 03.12.2026 को आयोजित होने वाली सहायक आचार्य पदों की वस्तुनिष्ठ प्रकार (Objective Type) की लिखित परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी किए गए हैं।

उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के संगीत विभाग के अन्तर्गत थिएटर (Theatre) विषय में सहायक आचार्य पद हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र में त्रुटिवश संगीत (Music) विषय का यू0जी0सी0 नेट पाठ्यक्रम (सिलेबस) अंकित हो गया है। इस सम्बन्ध में स्पष्ट किया जाता है कि थिएटर विषय के सहायक आचार्य पद हेतु आयोजित लिखित परीक्षा, परफॉर्मिंग आर्ट्स (नृत्य/नाटक/थिएटर), विषय कोड–65 के निर्धारित यू0जी0सी0 नेट पाठ्यक्रम पर आधारित होगी, न कि संगीत (Music), विषय कोड–16 के पाठ्यक्रम पर।

अतः थिएटर विषय के समस्त सम्बन्धित अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे उक्त स्पष्टीकरण का संज्ञान लेते हुए परफॉर्मिंग आर्ट्स (विषय कोड–65) के निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार ही अपनी परीक्षा की तैयारी सुनिश्चित करें।

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि लिखित परीक्षा की पूर्व निर्धारित तिथि दिनांक 03.12.2026, समय एवं परीक्षा केन्द्र सहित अन्य समस्त व्यवस्थाओं एवं निर्देशों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। अभ्यर्थी परीक्षा से सम्बन्धित अद्यतन सूचनाओं एवं निर्देशों हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट का नियमित अवलोकन करते रहें।

(राकेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निदेशक, आई0क्यू0ए0सी0।
2. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
3. वैय0 सहायक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक